# यूजेवीएन लिमिटेड

"उज्ज्वल", महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड,
देहरादून – 248006

## सार्वजनिक सूचना

यूजेवीएन लिमिटेड की 11 वृहद् जल विद्युत परियोजनाओं की वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए वार्षिक तय लागत (AFC) के निर्धारण, वित्तीय वर्ष 2024–25 के वास्तविक व्यय के राजस्व सत्यापन (ट्रू–अप) एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा हेतु यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा माननीय उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के समक्ष दायर याचिकाओं पर सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं।

**टैरिफ याचिकाओं/वार्षिक तय लागत के मुख्य बिन्दु :–**

1. यूजेवीएन लिमिटेड (*उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम*) द्वारा अपनी 11 वृहद् जल विद्युत परियोजनाओं के लिये वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु वार्षिक तय लागत (AFC) के निर्धारण एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा हेतु माननीय उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के समक्ष याचिकाएं दायर की गयी हैं। उक्त याचिकाओं के माध्यम से यूजेवीएन लिमिटेड ने वर्ष 2024–25 के लिए अपनी 11 वृहद् जल विद्युत परियोजनाओं के लिए राजस्व सत्यापन(ट्रू–अप) हेतु प्रस्ताव भी दिया गया है। यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा अपनी 11 वृहद् जल विद्युत परियोजनाओं (एल0एच0पी0) की दायर याचिकाओं के मुख्य बिन्दओं का विवरण निम्नवत् हैं:–

| विद्युत गृह का नाम | वार्षिक तय लागत (Annual Fixed Charges)(रु0 करोड़ में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | वित्तीय वर्ष 2024–25 राजस्व सत्यापन (ट्रू–अप) | | वित्तीय वर्ष 2025–26 (वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा) (APR) | | वित्तीय वर्ष 2026–27 (वार्षिक तय लागत) (AFC) |
| | स्वीकृत (टैरिफ आदेश दि0 28.03.2024) | यूजेवीएन लि0 द्वारा अधियाचित | स्वीकृत (टैरिफ आदेश दि0 11.04.2025) | यूजेवीएन लि0 द्वारा पुनरीक्षित अनुमान | यूजेवीएन लि0 द्वारा प्रस्तावित |
| ढ़करानी | 27.66 | 33.81 | 32.69 | 44.75 | 50.16 |
| ढ़ालीपुर | 49.44 | 55.38 | 51.93 | 61.05 | 65.03 |
| छिबरो | 106.38 | 101.95 | 99.92 | 108.28 | 116.86 |
| खोदरी | 60.08 | 58.35 | 56.27 | 62.32 | 64.78 |
| कुलहाल | 31.09 | 31.77 | 29.11 | 32.72 | 38.44 |
| रामगंगा | 60.73 | 58.44 | 62.10 | 65.39 | 68.18 |
| चीला | 104.50 | 102.14 | 102.47 | 118.28 | 131.89 |
| मनेरी भाली–। | 91.27 | 92.39 | 100.26 | 97.22 | 97.69 |
| खटीमा | 45.48 | 46.72 | 46.19 | 48.60 | 48.71 |
| मनेरी भाली–।। | 207.05 | 290.73 | 272.34 | 304.61 | 308.70 |
| व्यासी | 345.28* | 334.74 | 339.54 | 344.61 | 341.24 |
| **योगः** | **1128.95** | **1206.43** | **1192.82** | **1287.83** | **1331.67** |

*टैरिफ आदेश दिनॉक 24.03.2025 में दी स्वीकृति के अनुसार।

2. यूजेवीएन लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के राजस्व सत्यापन के समायोजन के कारण कुल रु0 91.44 करोड़ के अन्तर ( एच0पी0एस0ई0बी0 के अन्तर को छोडते हुए किन्तु वहन लागत के प्रभाव को शामिल करते हुए) की गणना की गई है। इस अन्तर के अतिरिक्त, यूजेवीएन लि0 ने मनेरी भली–द्वितीय वृहद जल विद्यूत परियोजना के पावर डिवेलपमैन्ट फंड (PDF) पर आर0ओ0ई0 की पिछली वसूली की द्वितीय किस्त रु0 248.73 करोड का दावा भी किया गया है, जिसे आयोग ने टैरिफ ओदश दिनॉक 11.04.2025 में अनुमोदित किया था।

3. यूजेवीएन लि0 ने उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 (यूपीसीएल) के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 में वित्तीय वर्ष 2025–26 की वार्षिक तय लागत (AFC) के सापेक्ष लगभग 10.93% (मनेरी भाली–द्वितीय के पावर डिवेलपमैन्ट फंड (PDF) पर आर0ओ0ई0 की रु0 248.73 करोड दूसरी किस्त को छोड़कर ) की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। यदि आयोग द्वारा यूजेवीएन लि0 के सम्पूर्ण दावे को स्वीकार कर लिया जाता है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 11 एल0एच0पी0 के लिए ट्रू–अप और उस पर वहन लागत तथा पावर डिवेलपमैन्ट फंड (PDF) पर आर0ओ0ई0 की पिछली वसूली के विरुद्ध दूसरी किस्त भी शामिल है, तो यूपीसीएल टैरिफ पर प्रभाव (–) 0.56% होगा [*प्रभाव नकारात्मक है, क्योंकि यूपीसीएल ने यूजेवीएन लिमिटेड के 11 एल0एच0पी0 से बिजली आपूर्ति के लिये यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत दावे की तुलना मे उच्च वार्षिक तय लागत पर विचार किया गया है*], जिसके परिणामस्वरुप यूपीसीएल द्वारा प्रस्तावित वृद्धि कम हो जायेगी।

4. यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा आवेदित विस्तृत प्रस्ताव किसी भी कार्य दिवस में माननीय उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय अथवा यूजेवीएन लिमिटेड के "उज्ज्वल", महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून स्थित कार्यालय में निःशुल्क अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। इससे सम्बन्धित सारांश यूजेवीएन लिमिटेड के उपरोक्त कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

5. यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव माननीय आयोग की वेबसाईट (www.uerc.uk.gov.in) एवं यूजेवीएन लिमिटेड की वेबसाईट (www.ujvnl.uk.gov.in) पर भी उपलब्ध हैं।

6. उपभोक्ताओं एवं अन्य हितधारकों द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव के संबन्ध में आपत्ति/सुझाव, आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति या सुझाव प्रमाणिक दस्तावेजों एवं साक्ष्यों सहित **"सचिव, उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, निकट आई0 एस0 बी0 टी0, पो0 आ0 – माजरा, देहरादून–248171"** के पते पर स्वयं अथवा डाक द्वारा या ई–मेलः secy.uerc@gov.in द्वारा विलम्बतः दि0 **31.01.2026** तक प्रेषित किये जा सकते हैं।